@Fair Report @Fair_report @fairreportnews @Fair report

# FAIR REPORT

THE DAWN OF A FEARLESS PEN

Jaipur, Saturday, 25 April 2026

PRGI No. - RNI- RJBIL/25/A1808| Vol 1 | Issue No.- 220 Pages 04 | ₹3.00

# NATURE'S FURY



Residents gather near damaged houses following a land subsidence at Tandabari village, in Dhanbad, Friday. The incident, reported late Thursday night, damaged several houses and prompted evacuation of affected families.

## AAP Strikes Back:

## Seeks Disqualification of Raghav Chadha After Dramatic Switch

FAIR REPORT

**New Delhi:** The Aam Aadmi Party on Friday said it would seek the disqualification of Raghav Chadha and two other Rajya Sabha members following their decision to join the Bharatiya Janata Party, setting the stage for a legal and constitutional contest under the anti-defection law.

Party spokesperson and MP Sanjay Singh said the party would approach the Rajya Sabha Chairman, arguing that the members' move amounted to voluntarily giving up AAP membership, a ground for disqualification under the Tenth Schedule of the Constitution. "We will request that they be declared disqualified from the House," he said.

The development follows a high-profile exit by Mr. Chadha and others, which AAP has described as a breach of mandate. Party leaders indicated that formal petitions would be filed shortly, triggering scrutiny by the Rajya Sabha Secretariat on whether the provisions for disqualification or a recognised split/merger apply.

Legal experts note that for protection under the anti-defection framework, a two-thirds split in the legislature party is required to claim merger; failing which, members risk losing their seats. The numbers and documentation submitted will be central to the decision.

The BJP has not issued a detailed response on the disqualification move. Political observers say the episode could have wider implications for opposition cohesion in Parliament and legislative negotiations in the coming session.

For AAP, the immediate focus is procedural: securing a ruling that could determine both its strength in the Upper House and the trajectory of an escalating political confrontation.

## CM reviews ₹23,890-crore projects, warns of personal accountability for delays

FAIR REPORT

**Jaipur:** Rajasthan Chief Minister Bhajanlal Sharma on Friday directed officials to ensure time-bound execution of development works, warning that delays in projects would invite personal accountability.

Chairing the fourth review meeting of the State's 'Raj Unnati' initiative at the Chief Minister's Office, Mr. Sharma assessed the progress of projects and schemes worth about 23,890 crore. Expressing dissatisfaction over slippages, he instructed departments to strengthen monitoring and hold high-level review meetings at least 15 days prior to the State-level review. The Chief Minister emphasised improving air connectivity, ordering pre-feasibility studies for greenfield airports at Bharatpur-Deeg, Sikar-Jhunjhunu, Abu Road and Banswara, and expediting the tender process for the Nal airport project in Bikaner in coordination with the Centre. He also reviewed the proposed 'Rajasthan Mandapam' in Jaipur and directed departments to ensure inter-agency coordination and complete the project within two years. On the Jaipur Northern Ring Road, he set timelines for land acquisition by June 2026, commencement by October 2026, and completion by January 2028. Taking a strict view of delays under AMRUT 2.0, Mr. Sharma asked the Chief Secretary to intensify monitoring. He also called for faster disposal of public grievances and ordered disciplinary action in cases of negligence, including suspension and issuance of notices to erring officials.

# Shockwaves in Rajya Sabha: Raghav Chadha Leads AAP Exodus, Sparks Political Storm

FAIR REPORT

**New Delhi:** In a dramatic political development, Raghav Chadha on Friday announced his exit from the Aam Aadmi Party, joining the Bharatiya Janata Party along with several Rajya Sabha MPs—triggering a major churn in parliamentary equations.

The move, confirmed through a press interaction and subsequent developments, signals one of the most significant shifts within AAP's parliamentary ranks. Reports indicate that nearly two-thirds of AAP's Rajya Sabha MPs may have aligned with the new bloc, raising the possibility of a formal split under anti-defection provisions.



The immediate political fallout was swift. AAP has reportedly initiated steps seeking disqualification of the MPs, intensifying what is now shaping into a legal and constitutional battle. The situation places the Rajya Sabha Secretariat at the centre of a high-stakes decision-making process.

Reactions from across the political spectrum have further amplified the controversy. Social activist Anna Hazare remarked that such exits reflect deeper internal issues, while opposition leaders alleged larger strategic manoeuvres behind the shift.

Within the BJP, leaders have welcomed the development, framing it as a validation of governance and leadership at the national level.

Analysts note that beyond the numbers, the episode underscores a deeper volatility within opposition ranks ahead of crucial parliamentary sessions. For AAP, the challenge now extends beyond damage control to preserving its institutional credibility.

As legal scrutiny unfolds and political narratives sharpen, one question dominates Delhi's corridors of power—is this an isolated defection, or the beginning of a larger realignment in Indian politics?

# At 12, She's Teaching a Nation to Speak: Ruhani's Quiet Classroom Goes Digital



*Hemraj Tikam chand Tiwari*

*By Special Feature Desk*

While most 12-year-olds consume content, Ruhani is creating it—with purpose. From Malout, Punjab, she has built a fast-growing digital classroom, reaching over 250,000 followers on Facebook and 50,000 on Instagram. Her focus is precise: helping Indians speak English with confidence.

Ruhani's content is short, structured, and practical. Instead of dense grammar, she teaches usable sentences, Hindi-to-English transitions, and clear pronunciation—tools designed for real conversations. Her core idea is simple: English becomes easy when learned step by step.

The initiative began with observation. Ruhani noticed a familiar gap—many could understand English but hesitated to speak it. That hesitation, visible across classrooms and interviews, became her starting point. What began as a few videos quickly gained traction, driven by clarity and relatability.

Her impact extends beyond metrics. Learners—from students to job seekers—report tangible outcomes, including improved interview performance and increased confidence. In a country where English often carries social weight, that shift is significant.

Skepticism over her age was inevitable. But consistency, clarity, and value have gradually redefined perception. Her videos function as micro-lessons—focused, repeatable, and accessible.

Educators emphasize early exposure and practice in language acquisition. Ruhani embodies both—a learner who evolved into a teacher, building a system that prioritizes comfort over complexity.

In a digital ecosystem driven by trends, her work stands out for utility. She is not chasing virality; she is delivering function.

The question is not how young she is—but how effectively she identified a national learning gap and began addressing it.




## Rajasthan reels under severe heatwave as temperatures touch 44.5°C

FAIR REPORT

**Jaipur:** Rajasthan is grappling with an intense heatwave, with temperatures soaring to a season-high of 44.5°C in Sri Ganganagar, making it one of the hottest locations in the country. According to weather officials, more than ten districts have recorded temperatures above 40°C, with hot winds and harsh sunlight worsening conditions across the state.

Authorities have issued heatwave alerts in at least five districts, advising residents to avoid direct exposure during peak afternoon hours. Health officials have urged people to stay hydrated and take precautions, particularly vulnerable groups such as children and the elderly.

Cities including Jaipur, Ajmer, and Bikaner continue to experience rising temperatures, disrupting daily life and increasing the risk of heat-related illnesses.

The India Meteorological Department (IMD) has indicated that some relief may arrive from April 25, with a possible dip in temperatures due to changing weather patterns. Until then, the administration remains on alert as extreme heat conditions persist across Rajasthan.

## Jaipur on high alert as Vice President's visit coincides with IPL match; tight security across city

FAIR REPORT

**Jaipur:** The city has been placed under heightened security ahead of a high-profile convergence of events on Saturday, with the visit of Jagdeep Dhankhar coinciding with an Indian Premier League (IPL) match at the Sawai Mansingh Stadium.

Officials said an extensive security arrangement has been put in place, with around 12 Additional Deputy Commissioners of Police (ADCPs), over 1,000 personnel, and specialised units including snipers deployed at key locations. Sensitive zones, including routes leading to the stadium and VIP movement corridors, are under strict surveillance. Traffic restrictions have been imposed on major stretches, particularly around JLN Marg, where diversions and controlled access are expected to impact regular commuting. Authorities have urged citizens to plan travel in advance and cooperate with security protocols. The dual events have prompted a multilayered security grid, combining crowd management for the IPL match with high-level protection for the Vice President's movement. Surveillance through CCTV monitoring and on-ground patrolling has been intensified. Police officials said the arrangements aim to ensure smooth conduct of both events without disruption. Emergency response teams and medical units have also been stationed at strategic points.

**प्रदर्शन से पहले** कांग्रेस मुख्यालय में हुई विचार गोष्ठी, विधानसभा के पूर्व स्पीकर सीपी जोशी ने किया संबोधित, कहा-विकेन्द्रीकरण व्यवस्था खत्म कर रही सरकार

# पंचायत-निकाय चुनाव को लेकर कांग्रेस ने खोला मोर्चा, प्रदेशभर में चलाएंगे हस्ताक्षर अभियान

**FAIR REPORT**
**जयपुर**

राजस्थान में पंचायतीराज और निकाय चुनाव करवाने के मुद्दे पर अब कांग्रेस ने भाजपा सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया।

पंचायतीराज के स्थापना दिवस पर शुक्रवार को जयपुर में राजीव गांधी पंचायत राज संगठन ने 'चुनाव करवाओ, लोकतंत्र बचाओ' आंदोलन का आगाज किया। कांग्रेस मुख्यालय के बाहर राजीव गांधी पंचायत राज संगठन के पदाधिकारियों, पूर्व जनप्रतिनिधियों और पार्टी कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन कर सरकार को जल्द चुनाव करवाने की चेतावनी दी। इससे पहले कांग्रेस मुख्यालय में विचार गोष्ठी हुई। इसे विधानसभा के पूर्व स्पीकर डॉ सीपी जोशी ने संबोधित किया।

**चुनाव रोकना संविधान का उल्लंघन:** राजीव गांधी पंचायत राज संगठन के प्रदेशाध्यक्ष डॉ सीबी यादव ने कहा कि आज राष्ट्रीय पंचायतीराज दिवस है। जब पंचायतीराज अधिनियम लागू हुआ था, लेकिन राजस्थान की भाजपा सरकार ने इसका गला घोंट दिया। संविधान में साफ प्रावधान है कि पंचायतीराज संस्थाओं का पांच साल का कार्यकाल पूरा होने से पहले चुनाव कराएं। चुनाव करवाने का जिम्मा राज्य निर्वाचन आयोग का है। पंचायतीराज चुनाव नहीं करवाने का सीधा मतलब




संविधान के प्रावधानों का उल्लंघन है। उन्होंने कहा कि संविधान में चुनाव को एक दिन भी आगे करने का प्रावधान नहीं है। इस मुहिम को जन आंदोलन बनाएंगे, ताकि आगे ऐसा नहीं हो।

## अब मुहिम को हर गांव तक पहुंचाया जाएगा

संगठन के प्रदेशाध्यक्ष डॉ सीबी यादव ने कहा, आज प्रदर्शन कर चुनाव करवाओ, लोकतंत्र बचाओ आंदोलन का आगाज किया गया। इसके तहत प्रदेशभर में विरोध प्रदर्शन किए जा रहे हैं। अब इस मुहिम को हर गांव तक पहुंचाया जाएगा। हस्ताक्षर अभियान चलाया जाएगा और पदयात्रा निकाली जाएगी। लोगों को जागरूक करने के लिए विचार गोष्ठियों का भी आयोजन किया जाएगा। वे बोले, इसे जन आंदोलन का रूप दिया जाएगा।

## चुनाव नहीं होने से गांवों में ठप विकास

पूर्व जिला परिषद सदस्य मोहन डागर ने कहा, संविधान में साफ निर्देश है कि हर पांच साल में पंचायतीराज संस्थाओं के चुनाव होने चाहिए। सरकार ने कमजोर मानसिकता दिखाते हुए चुनाव नहीं करवाए। इससे ग्रामीण क्षेत्र को कमजोर किया जा रहा है। चुनाव नहीं होने से गांवों में विकास के कार्य ठप पड़े हैं। मूलभूत सुविधाओं वाले काम भी अटक गए। पंचायत समिति और जिला परिषद को मिलने वाले फंड भी दूसरी जगहों पर डायवर्ट किए जा रहे हैं। काम रुके हुए हैं। ये सिर्फ अपना विकास चाहते हैं। गांवों और ग्रामीणों का नहीं।

## हार से डर रही सरकार, इसलिए चुनाव नहीं

इधर, कांग्रेस मुख्यालय में विचार गोष्ठी में पूर्व विधानसभा अध्यक्ष डॉ सीपी जोशी ने कहा, पंचायतीराज ने सत्ता को गांवों तक पहुंचाया, लेकिन यह सरकार विकेन्द्रीकरण की इस व्यवस्था को खत्म करना चाह रही है। जयपुर शहर कांग्रेस अध्यक्ष सुनील शर्मा ने कहा कि यह सरकार पंचायतीराज चुनाव को बंद कर लोकतंत्र को खत्म करने का प्रयास कर रही है। भाजपा को हार का डर है। इसलिए चुनाव नहीं करवाए जा रहे हैं। लेकिन कांग्रेस इनके मंसूबे कामयाब नहीं होने देगी।

---

## एक एमवीए तक की उत्पादन इकाइयों के लिए विद्युत निरीक्षण की जरूरत नहीं

**जयपुर।** राज्य सरकार ने 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' की दिशा में कदम बढ़ाते हुए 33 केवी तक के विद्युत कनेक्शनों और उत्पादन इकाइयों के सुरक्षा प्रमाणीकरण के लिए नई गाइडलाइन जारी की है। केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण विनियम 2023 के तहत लागू इन नियमों से अब 1 एमवीए क्षमता तक की सौर व पवन ऊर्जा जैसी उत्पादन इकाइयों का स्व-प्रमाणीकरण संभव होगा, जिसके लिए विद्युत निरीक्षक की अनिवार्य जांच की आवश्यकता नहीं रहेगी। उपभोक्ता या परिसर स्वामी स्वयं यह प्रमाणित कर सकेंगे कि उनका प्लांट सुरक्षा मानकों के अनुरूप है, हालांकि उन्हें पोर्टल के माध्यम से विभागीय जांच का विकल्प भी दिया गया है। अधिसूचना के अनुसार, 33 केवी तक के वोल्टेज कनेक्शनों के लिए भी स्व-प्रमाणीकरण की सुविधा दी गई है, लेकिन 33 केवी से अधिक वोल्टेज और 15 मीटर से ऊंचे बहुमंजिला भवनों के लिए विद्युत निरीक्षक का प्रमाणन अनिवार्य रहेगा। सुरक्षा की दृष्टि से संवेदनशील स्थलों जैसे अस्पतालों, सिनेमा हॉल, मॉल और शैक्षणिक संस्थानों में निरीक्षण का अधिकार पूर्ववत विद्युत निरीक्षक के पास ही सुरक्षित रखा गया है। पूरी प्रक्रिया को विभागीय पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन और पारदर्शी बनाया गया है, ताकि आम उपभोक्ताओं को कार्यालयों के चक्कर न काटने पड़ें और बड़े सार्वजनिक स्थलों पर सुरक्षा मानकों का पालन हो सके।

**हाल-ए-हकीकत :** पूर्व जिला कलक्टर के बाद अब चिकित्सा शिक्षा आयुक्त ने लिखा ड्यूटी नहीं लगाने के लिए पत्र, कई सरकारी विभागों के कर्मचारियों ने भी शुरू कर दी ड्यूटी निरस्त कराने को लेकर भागदौड़

# जनगणना में लगी ड्यूटी बनी 'सिरदर्द'

**FAIR REPORT**
**जयपुर**

जयपुर। राजस्थान में 1 मई से डिजिटल जनगणना शुरू होने वाली है, लेकिन इसमें कर्मचारियों की लगाई गई ड्यूटी अब 'सिरदर्द' बनने लगी है। स्थिति यह है कि एसएमएस अस्पताल के कर्मचारियों को भी जनगणना ड्यूटी में लगा दिया गया है, जिसका अंदरखाने विरोध शुरू हो गया है। जबकि पिछले महीने ही तत्कालीन प्रमुख जनगणना अधिकारी व जयपुर कलक्टर पशुपालन विभाग के कर्मचारियों तक की ड्यूटी निरस्त करने संबंधी पत्र लिख चुके हैं। ऐसे में सवाल खड़े हो रहे हैं कि अस्पताल में मरीजों का उपचार संबंधी कार्य जरूरी है या जनगणना...?

दरअसल, राज्य में भारत की जनगणना 2027 के प्रथम चरण अर्थात मकान सूचीकरण का कार्य 16 मई से 14 जून के बीच सम्पन्न करवाया जाएगा। इससे पहले स्व-



AI से बनाई इमेज

गणना के लिए विकल्प 1 मई से 15 मई की समयावधि में संचालित किया जाएगा।

राज्य सरकार की ओर से नगर निगम के सभी जोन उपायुक्तों को चार्ज जनगणना अधिकारी के रूप में नियुक्त किया गया है। करीब 10 दिन पहले 13 अप्रेल को नगर निगम के आदर्श नगर जोन उपायुक्त और जनगणना अधिकारी ने आदेश जारी करके सवाई मानसिंह अस्पताल के 36 कर्मचारियों की ड्यूटी जनगणना में लगा दी। जोन उपायुक्त का आदेश मिलते ही हॉस्पिटल प्रशासन में भी हड़कंप मच गया।

### अस्पताल में इन सेवाओं के प्रभावित होने का हवाला

एसएमएस अस्पताल के कर्मचारियों की ड्यूटी निरस्त करने के लिए लिखे गए पत्र में बताया गया है कि यदि ये कर्मचारी हॉस्पिटल में ड्यूटी पर नहीं आए तो मेडिकल बोर्ड, दिव्यांगता बोर्ड, वीवीआईपी विजिट, कोर्ट के आदेशों के तहत स्वास्थ्य परीक्षण और विभिन्न सरकारी योजनाओं (मां योजना, आरजीएचएस, प्रधानमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना, निरोगी राजस्थान जैसी योजना) के संचालन में परेशानी होगी।

### अस्पताल में मरीजों से जुड़े कार्य कौन करेगा?

कर्मचारियों ने बताया कि यहां लगभग 65 कार्मिक मंत्रालयिक संवर्ग में है, जिसमें से यदि करीब 56 फीसदी जनगणना कार्य में चले जाएंगे तो अस्पताल में मरीजों से जुड़े कार्य कौन करेगा? उधर, मामले में अस्पताल अधीक्षक और चिकित्सा शिक्षा आयुक्त ने जयपुर जिला कलक्टर को पत्र लिखकर ड्यूटी निरस्त करने के लिए आग्रह किया है। उधर, सूत्रों का कहना है कई सरकारी विभागों के कर्मचारियों में जनगणना ड्यूटी निरस्त कराने को लेकर भागदौड़ शुरू हो गई है। हालांकि, जनगणना कार्य के लिए तैयार शिक्षा विभाग के कर्मचारियों का कहना है कि जनगणना जैसे कार्य में अन्य विभागों के कार्मिकों द्वारा ड्यूटी निरस्त कराना सही नहीं है।

### पूर्व कलक्टर कर चुके निर्देशित

मामला पशुपालन विभाग से जुड़ा है। पिछले महीने 23 मार्च को तत्कालीन प्रमुख जनगणना अधिकारी व जयपुर जिला कलक्टर की ओर से चार्ज जनगणना अधिकारी एवं तहसीलदार आमेर-जयपुर को पशु चिकित्सा कर्मियों की जनगणना में लगाई गई ड्यूटी निरस्त करने बाबत निर्देशित किया गया था। इसमें राजस्थान पशु चिकित्सा कर्मचारी संघ जयपुर के पत्रांक के क्रम में बताया गया कि पशुपालन विभाग द्वारा केन्द्र प्रवर्तित व राज्य सरकार की जन कल्याणकारी गतिविधियों का संचालन किया जा रहा है। राज्य में खुरपका मुहपका बीमारी की रोकथाम के लिए 15 मार्च 2026 से समग्र टीकाकरण कार्यक्रम चलाया जा रहा हैं और यह कार्य अतिआवश्यक सेवाओं में सम्मिलित है। ऐसे में निर्देशित किया गया कि जनगणना-2027 के कार्य में पशुपालन विभाग के समस्त अधिकारियों/ कार्मिकों को जनगणना कार्य में नहीं लगाएं।

## ब्रीफ खबरें

### भाजपा कर रही "लोकतंत्र की हत्या और वाशिंग मशीन की राजनीति"



**जयपुर।** पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान आम आदमी पार्टी (आप) के सात राज्यसभा सांसदों के भाजपा में शामिल होने पर तीखा हमला बोला। उन्होंने राघव चड्ढा, संदीप पाठक और अशोक मित्तल जैसे नेताओं के दलबदल को भाजपा की "लोकतंत्र विरोधी" नीति का हिस्सा बताया। गहलोत ने आरोप लगाया कि भाजपा अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रही है और लगातार देश में लोकतंत्र की हत्या कर रही है। उन्होंने कहा कि केंद्रीय एजेंसियां पूरी तरह से सत्ता के नियंत्रण में हैं, जिससे लोकतांत्रिक संस्थाएं कमजोर हो रही हैं। पूर्व मुख्यमंत्री ने दावा किया कि सांसदों को जांच एजेंसियों के जरिए डराया गया। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि भाजपा ने एक 'वाशिंग मशीन' लगा रखी है, जिसमें जाते ही दागी नेता साफ-सुथरे हो जाते हैं और उनके खिलाफ मामले खत्म कर दिए जाते हैं। गहलोत ने अपनी पूर्ववर्ती सरकार के दौरान आए संकट को याद करते हुए वर्तमान मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि भाजपा नेता बार-बार उन्हें सचिन पायलट का नाम लेने के लिए उकसाते हैं ताकि कांग्रेस में आंतरिक फूट पैदा की जा सके। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी और अमित शाह पर हमला बोलते हुए कहा कि वे भ्रम में हैं और जनता अब उनके "हिंदुत्व के नाम पर भड़काने" वाले खेल को समझ चुकी है। गहलोत ने कड़े शब्दों में संदेश दिया कि कांग्रेस एकजुट है और भाजपा की ऐसी चालें अब कामयाब नहीं होंगी।

### संन्यासी विद्रोह से राष्ट्रभक्ति तक 'आनंद मठ' पर सार्थक संवाद



**जयपुर।** विश्व पुस्तक दिवस के अवसर पर जयपुर के कॉन्स्टीट्यूशन क्लब में आयोजित परिचर्चा ने बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय की अमर कृति 'आनंद मठ' के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व को एक बार फिर जीवंत कर दिया। अखिल भारतीय साहित्य परिषद् के तत्वावधान में हुए इस समागम में विषय विशेषज्ञों ने उपन्यास के सामाजिक यथार्थ, राष्ट्रीय चेतना और ऐतिहासिक संदर्भों पर गहन विचार साझा किए। वक्ताओं ने स्पष्ट किया कि यह उपन्यास मात्र एक साहित्यिक रचना नहीं, बल्कि बंगाल के भयंकर अकाल और संन्यासी आंदोलन की पृष्ठभूमि में बुनी गई राष्ट्रभक्ति की एक ऐसी गाथा है जिसने देश को 'वंदे मातरम्' जैसा ऊर्जावान मंत्र दिया। परिचर्चा के दौरान यह तथ्य उभरकर आया कि 'आनंद मठ' में वर्णित सन्यासी विद्रोह केवल एक धार्मिक आंदोलन नहीं था, बल्कि इसमें जातिगत भेदभाव से ऊपर उठकर मातृभूमि की रक्षा का संकल्प और महिलाओं की सक्रिय भागीदारी शामिल थी। प्रो. नंद किशोर पांडेय और डॉ. इंदुशेखर तत्पुरुष जैसे विद्वानों ने रेखांकित किया कि इस कृति के माध्यम से प्रजातांत्रिक राज्य की संकल्पना और राष्ट्रीय एकता का जो संदेश दिया गया, वह आज भी प्रासंगिक है। कार्यक्रम का समापन सुधि श्रोताओं के साथ हुए संवाद और जिज्ञासा समाधान के साथ हुआ, जिससे यह स्पष्ट हुआ कि भारतीय साहित्य की ऐसी कालजयी कृतियां वर्तमान पीढ़ी के लिए आज भी प्रेरणा का मुख्य स्रोत हैं। कार्यक्रम के अंत में अखिल भारतीय साहित्य परिषद् के प्रदेश महामंत्री डॉ केशव शर्मा ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।इस परिचर्चा का संयोजन और संचालन डॉ रेवंत दान ने किया।

### मनरेगा श्रमिकों का 2 मई से समय सुबह 7 बजे से दोपहर 3 बजे तक

**जयपुर।** जिले में भीषण गर्मी व लू के मौसम को देखते हुए महात्मा गांधी नरेगा योजनान्तर्गत कार्यो का समय संषोधित करते हुए अग्रिम आदेषो तक 2 मई 2026 से प्रातः 7 बजे से दोपहर 3 बजे तक निर्धारित किया गया है। अतिरिक्त जिला कार्यक्रम समन्वयक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद् प्रतिभा वर्मा ने बताया कि इस दौरान श्रमिकों का विश्रामकाल प्रातः 11 बजे से दोपहर 12 बजे तक रहेगा।

### IAS आरती डोगरा को राहत: ACB जांच के आदेश पर DB की रोक

**जयपुर।** डिस्कॉम चेयरपर्सन और वरिष्ठ आईएएस अधिकारी आरती डोगरा को राजस्थान हाईकोर्ट की डिवीजन बेंच से बड़ी राहत मिली है। शुक्रवार को कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश संजीव प्रकाश शर्मा और जस्टिस शुभा मेहता की बेंच ने सिंगल बेंच के उस आदेश पर रोक लगा दी, जिसमें आरती डोगरा के खिलाफ एसीबी (ACB) जांच के निर्देश दिए गए थे। सुनवाई के दौरान पक्ष रखा गया कि यह भ्रष्टाचार का मामला नहीं है और याचिकाकर्ता के विरुद्ध लंबित तीन जांचों पर जल्द निर्णय लिया जाएगा। इससे पूर्व, गुरुवार को सिंगल बेंच ने सुपरिटेंडेंट इंजीनियर आर.के. मीणा की याचिका पर सुनवाई करते हुए जांच में देरी को संदिग्ध माना था और भ्रष्टाचार की आशंका जताते हुए एसीबी जांच का आदेश दिया था।

## JCTSL कर्मियों का धरना, अनशन शुरू

**FAIR REPORT**
**जयपुर**



राजधानी में लो-फ्लोर कर्मचारी विभिन्न मांगों को लेकर जेसीटीएसएल मजदूर कांग्रेस (इंटक) के बैनर तले शुक्रवार से शहीद स्मारक पर धरना-प्रदर्शन और अनशन शुरू किया। जेसीटीएसएल मजदूर कांग्रेस(इंटक) के अध्यक्ष रामकुंवार विश्नोई ने बताया कि 16 अप्रेल को JCTSL मुख्यालय पर प्रदर्शन किया गया, लेकिन प्रबंधन ने कर्मचारियों के साथ वार्ता नहीं की। ऐसे में अब मजबूरन अनशन करना पड़ रहा है। संयुक्त महामंत्री संदीप पुहानियां ने बताया कि यदि मांगों पर सकारात्मक समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रमुख मांगों में ग्रेच्युटी एक्ट लागू करने, सरकार से पैसा मिलने के बावजूद एनपीएस/ जीपीएफ का बकाया जमा नहीं होने, ओवरटाइम का भुगतान, रिक्त पदों पर भर्ती व नई बसों की खरीद, वरिष्ठता सूची जारी करने, खराब बसों का मेंटेनेंस करने, 10 साल से अधिक ऑफिस में बाबू का काम कर रहे कंडक्टर को ऑफिस कार्य से ब्लैक लिस्ट करने, उच्च अधिकारियों के आदेशों की अवहेलना करने वाले डिपो मैनजरों को हटाने सहित विभिन्न मांग शामिल हैं। उन्होंने बताया कि शुक्रवार से मनीष श्रीमाली व नरेंद्र गोचर ने ड्यूटी पर रहते हुए अनशन शुरू कर दिया, ताकि बसों का संचालन बाधित नहीं हो।

## ग्रेट इंडियन ट्रेवल बाजार का उद्घाटन कल, 50 देशों की रहेगी भागीदारी

**FAIR REPORT**
**जयपुर**

उपमुख्यमंत्री व पर्यटन कला एवं संस्कृति मंत्री दिया कुमारी ने बताया कि वैश्विक अस्थिरताओं, बदलते ट्रैवल पैटर्न और अनुभव-आधारित पर्यटन की बढ़ती मांग के बीच राजस्थान एक बार फिर अंतरराष्ट्रीय पर्यटन मानचित्र पर अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराने जा रहा है। उन्होंने बताया कि 26 से 28 अप्रेल तक जयपुर में आयोजित हो रहा 15वां ग्रेट इंडियन ट्रेवल बाजार (जीआईटीबी) इस बार अपने प्रतिनिधि देशों के कारण विशेष महत्व रखता है। दुनिया के सातों महाद्वीपों से 50 देशों के विदेशी टूर ऑपरेटर्स और पर्यटन स्टेकहोल्डर्स का एक मंच पर जुटना इस बात का संकेत है कि राजस्थान अब केवल विरासत नहीं, बल्कि भरोसे, विविधता और अनुभव का वैश्विक स्थान बन चुका है।यह आयोजन राजस्थान पर्यटन विभाग, भारत सरकार का पर्यटन मंत्रालय और फैडरेशन ऑफ इंडियन चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (फिक्की) के संयुक्त तत्वावधान में हो रहा है। पर्यटन विभाग के शासन सचिव रवि जैन ने बताया कि ग्रेट इंडियन ट्रेवल बाजार का उद्घाटन सत्र 26 अप्रेल की शाम जय महल पैलेस में आयोजित किया जाएगा, जबकि 27–28 अप्रेल को बी2बी सत्र जेईसीसी सीतापुरा में होंगे। दो दिनों में 10 हजार से अधिक पूर्व-निर्धारित बी2बी बैठकों के माध्यम से विदेशी खरीदार सीधे भारतीय प्रदर्शकों, हेरिटेज और लग्जरी होटल संचालकों, डेस्टिनेशन मैनेजमेंट कंपनियों, वेलनेस, वाइल्डलाइफ, एडवेंचर और एमआईसीई ऑपरेटर्स से संवाद करेंगे।

**राजस्थान स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय** का 11वां दीक्षांत समारोह आयोजित, स्वर्णिम भारत के लिए मिलकर प्रयास करने का आह्वान

# नई शिक्षा नीति-2020 भारत के महान गौरव से हमें जोड़ने वाली : राज्यपाल

**FAIR REPORT**
**जयपुर**




राज्यपाल एवं कुलाधिपति हरिभाऊ बागडे ने कहा कि स्वर्णिम भारत के लिए सबको मिलकर प्रयास करने की आवश्यकता है। उन्होंने अच्छी मनःस्थिति के साथ देश और समाज के समग्र विकास का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा और उपाधियों की सार्थकता यही है कि हम राष्ट्र को सर्वोच्च रखते हुए अपने सभी कार्य करें।

राज्यपाल ने कहा कि दीक्षांत विद्यार्थी जीवन का नया आरम्भ है। प्राचीनकाल में गुरुकुल में गुरु शिष्य को आदर्श आचरण के लिए प्रेरित करने हेतु अंतिम शिक्षा देते थे, इसे समावर्तन संस्कार कहते थे। यही आज का दीक्षांत समारोह है। उन्होंने मैकाले द्वारा देश पर लादी गई अंग्रेजी शिक्षा पद्धति की चर्चा करते हुए कहा कि इसने हमें अपने इतिहास से विलग कर दिया। नई शिक्षा नीति 2020 भारत के महान गौरव से हमें जोड़ने वाली है।

राज्यपाल शुक्रवार को राजस्थान स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय के ग्यारहवें दीक्षांत समारोह में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने राजस्थान स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय द्वारा समस्त अभ्यर्थियों के शैक्षणिक रिकॉर्ड को डिजिटलाइज करने के प्रयासों के अंतर्गत पोर्टल पर डिग्रियों को अपलोड करने की प्रक्रिया का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि यह महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने इसके लिए केंद्र और राज्य सरकार के डिजिटल अभियान की सराहना की।

बागडे ने देश की नई शिक्षा नीति को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि यह भारतीयता के गौरव से जुड़ी है। उन्होंने कहा कि भारत ने विश्व को शून्य का ज्ञान दिया। शून्य के ज्ञान से ही विश्व को गिनती आई। इससे पहले उन्होंने युवाओं को नशे की प्रवृत्ति से दूर रहने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि पड़ोसी देश से नशे का व्यापार किया जाता है। पड़ोसी राष्ट्र नहीं चाहता भारत युवा देश बना रहे। नशा व्यक्ति को उम्र से पहले बूढ़ा बना देता है।

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने इस अवसर पर कहा कि राजस्थान स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय को एम्स की तर्ज पर देश का सर्वश्रेष्ठ चिकित्सा संस्थान के रूप में विकसित किया जाएगा। उन्होंने प्रदेश को मेडिकल टूरिज्म के रूप में भी विकसित करने के प्रयासों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि राजस्थान की मुख्यमंत्री आरोग्य आयुष्मान योजना देश की सबसे बड़ी स्वास्थ्य योजना है। उन्होंने राजस्थान में स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार के लिए हो रहे प्रयासों को महत्वपूर्ण बताया।

देश के सुप्रसिद्ध नेत्र चिकित्सक डॉ. विकास महात्मे ने दीक्षांत व्याख्यान दिया। उन्होंने चिकित्सा शिक्षा के साथ जीवन से जुड़ी व्यावहारिकता के अंतर्गत कौशल विकास को महत्वपूर्ण बताया। कुलगुरु प्रो. प्रमोद येवले ने विश्वविद्यालय द्वारा किए जा रहे नवाचारों और शैक्षिक उन्नयन के प्रयासों के बारे में जानकारी दी। राज्यपाल ने समारोह में विद्यार्थियों को डिग्री और पदक प्रदान किए।

## ब्रीफ खबरें

### नाबालिग का किडनैप कर गैंगरेप, गुस्साए ग्रामीणों ने गाड़ी जलाई



**अलवर।** जिले में 15 साल की नाबालिग के साथ गैंगरेप का मामला सामले आया है। तीन युवकों पर गैंगरेप का आरोप है। इसमें दो युवकों पर नामजद मुकदमा दर्ज करवाया है। इनकी पुलिस तलाश कर रही है। रिपोर्ट में पीड़िता के भाई ने बताया- मेरी बहन एक सरकारी स्कूल की 11वीं क्लास में पढ़ती है। जो गुरुवार सुबह 8 बजे घर से स्कूल के लिए निकली थी। रास्ते में एक कार में दो युवक आए। मुंह बांधकर आंखों पर पट्टी लगाकर सुनसान जगह एक कमरे कमरे में ले गए। रास्ते से एक युवक को भी साथ लिया। तीनों आरापियों ने नाबालिग के साथ बारी-बारी से गैंगरेप किया। इसके बाद वीडियो भी रिकॉर्ड कर लिए। किसी को बताने पर भाई को जान से मारने की धमकी दी। दोपहर करीब 1 बजे आरोपी नाबालिग को छोड़ने गांव के पास आए तो लोग पहले से मौजूद थे। नाबालिग के परिवार वाले भी मौजूद थे। इनको देखकर आरोपी गाड़ी छोड़ मौके से फरार हो गए। इसके बाद गुस्साए ग्रामीणों ने कार को मौके पर ही आग लगा दी। आरोपियों के खिलाफ थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने कार को थाने पर भिजवाया। SHO ने बताया कि पीड़िता के भाई ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई की उसकी बहन का अपहरण करके ले गए और उसके साथ गैंगरेप किया जिसपर मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी है।

### ज्वेलर ने किया पुलिस पूछताछ के बाद सुसाइड, भाई ने भी खाया जहर

**जोधपुर।** पाली जिले के सोजत में चेन्नई पुलिस की पूछताछ से परेशान एक ज्वेलर ने जहर खा लिया। इसके कुछ देर बाद ज्वेलर के छोटे भाई ने भी सुसाइड की कोशिश की। दोनों को जोधपुर एम्स में एडमिट कराया गया था। जहां इलाज के दौरान बड़े भाई की मौत हो गई। ज्वेलर वरदाराम (24) ने छोटे भाई बुधाराम (22) को वॉइस मैसेज भेजा था। जिसके बाद छोटे भाई ने ब्यावर जिले में झाला की चौकी बर में जहर खा लिया। ज्वेलर की मौत के बाद परिजन और समाज के लोग जोधपुर एम्स में धरने पर बैठे। एम्स में धरने पर मौजूद युवा नेता पारस गुर्जर ने बताया कि आज शाम बातचीत के बाद



पुलिस के साथ मांगों को लेकर सहमति बन गई। जानकारी के अनुसार कि चेन्नई के महावीर जैन (मेहता) की ज्वेलरी शॉप में चोरी हुई थी। मामले में जो आरोपी थे, उनके साथ मृतक ज्वेलर वरदाराम (24) ने ऑनलाइन ट्रांजेक्शन किया था इस कारण पुलिस ने पूछताछ की। वहीं आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज करने और कार्रवाई के लिए 10 दिन के समय मांगने पर सहमति बनी है।

### शिविर में बाल विवाह, महिलाओं के अधिकारों के बारे में दी जानकारी



**पाली।** रोहट-जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पाली के द्वारा बाल विवाह प्रतिषेध अभियान एवं परिवर्तनकारी अभियान के तहत जागरूकता शिविर शुक्रवार को मूरडीया गांव के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मूरडीया व रामपुरा के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में आयोजित किये गये। इसमें अधिकार मित्र पोकर राम सिंघल व मनु देवी ने छात्र और छात्राओं को बाल विवाह के होने वाले दुष्परिणामों की जानकारी देकर बाल विवाह नहीं करवाने के लिए प्रेरित किया गया। वहीं आर्टिफीशियल इंटेलीजेंस सदुपयोग तथा दुरुपयोग के संबंध में जानकारी देते हुए साइबर कानून, साइबर अपराध, साइबर ठगी हेल्प लाइन 1930, सोशल मीडिया के उपयोग, नालसा पोर्टल हेल्प लाइन 15100, शिक्षा के अधिकार, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान, कन्या भ्रूण हत्या, महिलाओं के अधिकार, कानूनी जानकारी, निःशक्तता प्रमाण पत्र और नशे से बचाव, बाल तस्करी, नि:शुल्क विधिक सहायता आदि विषयों की जानकारी देकर जागरूक किया गया। इस मौके पर विद्यालय में कोर्ट वाली दीदी सुझाव शिकायत पेटी की जानकारी भी बच्चों को दी गई ओर नालसा थीम्स वीडियो के माध्यम से सभी को जागरूक किया गया। इस अवसर प्रधानाचार्य कंचन चौधरी, शिव भगवान, नरेंद्र सिंह चंपावत, प्रहलाद प्रजापत, विद्यालय स्टॉप सहित गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम के लिए जिला प्रशासन ने कसी कमर

**भीलवाड़ा।** जिले में सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम के लिए प्रशासन ने कमर कस ली है। शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में अतिरिक्त जिला कलेक्टर (प्रशासन) रणजीत सिंह एवं एडीएम (सिटी) प्रतिभा देवटिया ने एचपीवी (HPV) वैक्सीन जागरूकता पोस्टर का विमोचन किया। इस दौरान घोषणा की गई कि आगामी 29 अप्रैल को जिले भर में विशेष टीकाकरण अभियान चलाया जाएगा। एडीएम रणजीत सिंह ने बताया कि यह टीका बालिकाओं को भविष्य में कैंसर जैसी घातक बीमारी से बचाने में रामबाण सिद्ध होगा। उन्होंने अभिभावकों से अपनी बेटियों को इस सुरक्षा कवच से जोड़ने की



अपील की। वही सीएमएचओ डॉ.संजीव शर्मा ने बताया कि अभियान में 14 से 15 वर्ष की बालिकाओ को लक्षित किया गया है।सीएमएचओ डॉ. शर्मा के अनुसार, ब्लॉक स्तर तक चिकित्सा कर्मियों को विशेष प्रशिक्षण दिया जा चुका है। कार्यक्रम में सीईओ जिला परिषद चंद्रभान सिंह भाटी सहित विभिन्न विभागों के उच्चाधिकारी मौजूद रहे।

## चित्तौड़ी आठम पर कालिका माता मंदिर में हवन-पूजन, क्षेत्र की समृद्धि की प्रार्थना

# अच्छी बारिश, सुख-समृद्धि और रोगमुक्ति के लिए दी गई आहुतियां, बड़ी संख्या में श्रद्धालु रहे मौजूद

FAIR REPORT

**चित्तौड़गढ़-** चित्तौड़ी आठम के अवसर पर शुक्रवार सुबह दुर्ग स्थित कालिका माता मंदिर में चित्तौड़ी आठम महोत्सव समिति की ओर से विशाल ध्वजा चढ़ाई गई। मंदिर में विधि-विधान से हवन कर क्षेत्र की खुशहाली और समृद्धि की कामना की गई। कुलदीप पारीक ने बताया कि चित्तौड़गढ़ के स्थापना दिवस और कालिका माता मंदिर के पाटोत्सव के अवसर पर श्रद्धालु सुबह विशाल ध्वजा लेकर दुर्ग स्थित मंदिर पहुंचे। यहां विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर नई ध्वजा चढ़ाई गई। महंत रामनारायण पुरी और महंत लालसिंह



के सानिध्य में पंडित अरविंद भट्ट ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हवन संपन्न कराया। हवन में अच्छी बारिश, धन-धान्य, बीमारियों से मुक्ति और सभी के सुखमय जीवन की कामना करते हुए आहुतियां दी गईं। अंत में आरती कर प्रसाद वितरण किया गया और 'जय चित्तौड़, जय मेवाड़' के जयकारे लगाए गए। अमन गौड़ ने बताया कि कार्यक्रम में आरएसएस के विभाग संघचालक हेमंत जैन, विभाग कार्यवाह दिनेश भट्ट, नगर प्रचारक गोविंद, विधायक चन्द्रभानसिंह आक्या, पूर्व सभापति सुशील शर्मा, समिति के संस्थापक अध्यक्ष मुकेश नाहटा, वरिष्ठ नागरिक मंच के सचिव राधेश्याम आमेरिया, विहिप के जिला मंत्री शेखर सोनी, जौहर स्मृति संस्थान के महामंत्री तेजपाल सिंह खोर, भाजपा नगर अध्यक्ष गौरव त्यागी, विरासत संस्थान अध्यक्ष पवन पटवारी सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि और नगरवासी उपस्थित रहे।

## पायलट को CM बनाने की कामना

# संत की 1300 किमी दंडवत यात्रा, चित्तौड़गढ़ में कांग्रेस नेताओं ने किया स्वागत

### करौली से द्वारकाधीश तक पैदल दंडवत यात्रा; 2028 में कांग्रेस की जीत और सचिन पायलट के मुख्यमंत्री बनने की प्रार्थना



FAIR REPORT

**चित्तौड़गढ़** राजस्थान में 2028 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की जीत और सचिन पायलट के मुख्यमंत्री बनने की कामना को लेकर एक संत 1300 किलोमीटर की दंडवत यात्रा पर निकले हैं। करौली से शुरू हुई यह यात्रा गुजरात स्थित द्वारकाधीश मंदिर तक जाएगी।जानकारी के अनुसार, करौली के श्री 1008 नवल गिरी जी महाराज के शिष्य श्री राजगिरी महाराज इस धार्मिक यात्रा को कर रहे हैं। यह यात्रा 17 फरवरी 2026 से शुरू हुई है, जिसमें वे दंडवत करते हुए आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने बताया कि यह सनातन परंपरा के तहत एक धार्मिक अनुष्ठान है। इससे पहले भी वे गंगोत्री से रामेश्वरम और करौली से जगन्नाथ पुरी तक दंडवत यात्रा कर चुके हैं। महाराज ने कहा कि इस यात्रा का उद्देश्य सनातन धर्म को एकजुट करना और राजस्थान में एक योग्य नेतृत्व स्थापित करना है। उन्होंने कहा कि राजा (नेता) ऐसा होना चाहिए जो निस्वार्थ भाव से जनता की सेवा करे और सभी को समान समझे। उनके अनुसार सचिन पायलट में मुख्यमंत्री बनने के सभी गुण मौजूद हैं। चित्तौड़गढ़ पहुंचने पर जिला कांग्रेस पदाधिकारियों ने उनका स्वागत किया। इस दौरान संगठन महासचिव महेंद्र शर्मा, महामंत्री कमल गुर्जर, युवा नेता कान सिंह भाटी, मोहित सुखवाल, महिपाल सिंह और कन्हैयालाल धाकड़ मौजूद रहे। सभी ने संत का अभिनंदन कर उनका आशीर्वाद लिया और उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि कड़ी धूप में इस तरह दंडवत यात्रा करना बेहद कठिन है, लेकिन महाराज का संकल्प मजबूत है। उन्होंने भगवान द्वारकाधीश मंदिर से यात्रा के सकुशल पूर्ण होने और क्षेत्र में शांति व खुशहाली की कामना की।

### मानवता की मिसाल :107 साल की उम्र में देहदान




**बाड़मेर।** जिले में रामसर कुआं एक ऐसी खबर साने आई जिसने समाज में मानवता की नई मिसाल पेश की है। जिले में 107 वर्षीय धनी देवी के निधन के बाद उनके परिजनों ने पारंपरिक अंतिम संस्कार की जगह उनकी देहदान का फैसला लिया है। जिसके बाद धनी देवी की पार्थिव देह आज ( शुक्रवार) बाड़मेर मेडिकल कॉलेज को पूरे सम्मान के साथ सौंप दी गई, जहां मेडिकल छात्रों की पढ़ाई और रिसर्च के लिए वह काम आएगी। रामसर कुआ की रहने वाली धनी देवी की शुक्रवार को बलदेव नगर में उनके घर पर मृत्यु हो गई। सामूहिक चर्चा के बाद उनके बेटे, पोते और पड़पोते समेत पांच पीढ़ियों के सदस्यों ने रीति-रिवाजों के अनुसार अंतिम संस्कार करने के बजाय शरीर को दान करने का फैसला किया। इसके बाद लोगों की मौजूदगी में शरीर को पूरे सम्मान के साथ कॉलेज ले जाया गया।

### केंद्रीय मंत्री पासवान ने किए बाबा श्याम के दर्शन, बोले- पांच राज्यों में NDA की मजबूत सरकार बनने जा रही है

FAIR REPORT

**सीकर**

केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान परिवार के साथ बाबा श्याम के दर्शन करने खाटूश्यामजी पहुंचे। दर्शन के बाद केंद्रीय मंत्री पासवान ने कहा- जिन पांच राज्यों में चुनाव हुए हैं, वहां पर एनडीए की मजबूत सरकार बनने जा रही है। पश्चिम बंगाल में पहले चरण की वोटिंग में वहां के लोगों ने काफी उत्साह से मतदान किया है। पश्चिम बंगाल की जनता ने ममता बनर्जी की सरकार से त्रस्त होकर नरेंद्र मोदी के विचारों की सरकार लाने के लिए वोट किया है। 4 मई को जब परिणाम घोषित होंगे तो इन पांचों राज्यों में एनडीए की नरेंद्र मोदी की विचारधारा की सरकार बनेगी। केंद्रीय मंत्री ने कहा-लोकसभा चुनाव में खाटूश्यामजी का आशीर्वाद लेकर



गया था, तो हंड्रेड पर्सेंट स्ट्राइक रेट रहा। लोकसभा चुनाव में 5 सीटों पर प्रत्याशी खड़े थे और पांचो प्रत्याशी जीते, आज उसका धन्यवाद जताने के लिए पहुंचा हूं। बिहार विधानसभा चुनाव हुए तो पार्टी का प्रदर्शन काफी अच्छा रहा। लोक जनशक्ति पार्टी अगले साल के यूपी और पंजाब चुनावों की तैयारी कर रही है। पासवान ने कहा कि पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी ने हिंसा और अपराध के दम पर राज किया। बंगाल की जनता डबल इंजन वाली सरकार बनाकर पश्चिम बंगाल को विकास के राह पर ले जाना चाहती है। वहीं कांग्रेस जिन राज्यों में बची हुई थी वहां से भी अब खत्म होती जा रही है। जिस तरह कांग्रेस सिमटती जा रही है, उस हिसाब से आने वाले समय में नरेंद्र मोदी के कांग्रेस मुक्त भारत का संकल्प साकार हो जाएगा।

### मेडिकल स्टोर में लगी आग, कीमती उपकरण और दवाइयां जलकर खाक

FAIR REPORT

**भीलवाड़ा**

शहर के भीमगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत महात्मा गांधी अस्पताल रोड स्थित एक मेडिकल स्टोर में बीती देर रात भीषण आग लग गई। इस अग्निकांड में दुकान के अंदर रखी लाखों रुपये की दवाइयां और कीमती उपकरण जलकर खाक हो गए। जानकारी के अनुसार, घटना रात करीब 2 बजे के बाद की है जब 'नमन मेडिकल स्टोर' से अचानक आग की लपटें और धुंआ निकलने लगा। दुकान बंद होने के कारण शुरुआती दौर में किसी को इसकी भनक नहीं लगी। इसी बीच सामने मौजूद एक एंबुलेंस ड्राइवर की नजर दुकान से निकलती आग पर पड़ी, जिसने तुरंत तत्परता दिखाते हुए फायर ब्रिगेड को सूचित



किया।सूचना मिलते ही दमकल विभाग की टीमें मौके पर पहुंचीं और आग बुझाने का कार्य शुरू किया। आग इतनी भीषण थी कि उस पर काबू पाने में करीब 2 घंटे लग गए। हालांकि, जब तक आग बुझाई गई, तब तक दुकान में रखा पूरा मेडिकल स्टॉक जलकर राख हो चुका था। दवाओं के साथ-साथ स्टोर में मौजूद फर्नीचर, कंप्यूटर सेट और फ्रिज भी पूरी तरह नष्ट हो गए हैं। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। पुलिस के अनुसार प्रथम दृष्टया आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है। पुलिस ने मामला दर्ज कर आग लगने के कारणों की विस्तृत जांच शुरू कर दी है।

## एक साल से लंबित चुनावों पर उठे सवाल; संविधान के प्रावधानों का हवाला देकर तत्काल चुनाव कराने की मांग

# पंचायत-नगर निकाय चुनाव जल्द कराने की मांग: कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने किया प्रदर्शन, राज्यपाल के नाम ज्ञापन

FAIR REPORT

**चित्तौड़गढ़-** राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के अवसर पर कांग्रेस से जुड़े राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के बैनर तले कार्यकर्ताओं ने पंचायत और नगर निकाय चुनाव जल्द कराने की मांग को लेकर उपखंड अधिकारी को राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी कर विरोध प्रदर्शन भी किया। संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष आजाद पालीवाल ने कहा कि राजस्थान में पंचायत राज और नगर निकायों के चुनाव एक वर्ष से अधिक समय से लंबित हैं,




जिससे स्थानीय स्वशासन की लोकतांत्रिक व्यवस्था प्रभावित हो रही है। उन्होंने इसे संविधान द्वारा प्रदत्त अधिकारों का उल्लंघन बताया और आरोप लगाया कि सरकार जानबूझकर चुनाव नहीं करा रही है। उन्होंने कहा कि 73वें और 74वें संविधान संशोधन के अनुसार छह महीने से अधिक समय तक चुनाव टालना संभव नहीं है। ग्रामीण जिलाध्यक्ष गिरधारी लाल जाट ने कहा कि पंचायत चुनाव नहीं होने से ग्राम पंचायतों में विकास कार्य प्रभावित हो रहे हैं और आमजन को परेशानी उठानी पड़ रही है। वहीं शहर जिलाध्यक्ष व पार्षद प्रतिनिधि राजेश सोनी ने कहा कि नगरीय निकाय चुनाव नहीं होने से शहरों का विकास बाधित हो रहा है और नगर परिषद के कई महत्वपूर्ण कार्य लंबित पड़े हैं, जिससे जनता को रोजमर्रा के कामों के लिए भटकना पड़ रहा है। ज्ञापन में मांग की गई कि निर्वाचन आयोग को स्वतंत्र और प्रभावी रूप से कार्य करने के निर्देश दिए जाएं तथा न्यायालय के आदेशों की पालना सुनिश्चित की जाए। साथ ही प्रशासकों के स्थान पर निर्वाचित जनप्रतिनिधियों की बहाली की भी मांग की गई। इस मौके पर सेवादल के राष्ट्रीय सचिव पीयूष त्रिवेदी, प्रदेश सचिव व जिला प्रभारी मदन लाल अहीर, जिला महासचिव राजकमल शक्तावत, दुर्गेश कुमार, दिनेश भोई, संग्राम सिंह चौहान, प्रकाश धाकड़, संदीप बोहरा, परमेश्वर जाट, पारस जैन, देवेंद्र सिंह झाला, देवेंद्र दयाल सालवी, वीडी दशोरा, युवराज श्रीमाली सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

VISION INDIA
FAIR REPORT 04

# 41.67 crore donation in 29 days: New record at Sanwaliya Seth Temple

**33.21 crore from treasury, 8.45 crore from offering room and online; gold and silver worth crores also donated**

FAIR REPORT



**Chittorgarh-** Devotees' faith at the famous Shri Sanwaliya Seth Temple has created a new record. Between March 18 and April 16 (29 days), the temple received a total donation of Rs 41 crore 67 lakh 38 thousand 569, the highest ever in a single month. According to ADM and Temple Board CEO Prabha Gautam, the treasury was opened on April 16 (Chaturdashi). Counting was done in seven rounds. From the treasury alone, Rs 33 crore 21 lakh 63 thousand 539 was received. From the offering room and online donations, Rs 8 crore 45 lakh 75 thousand 30 was collected. Devotees also donated gold and silver in large quantity. In the final round, 660 grams 500 milligrams of gold and 84 kg 620 grams of silver were counted. Its estimated value is around Rs 3 crore. Temple administration said that foreign currency and cheques were also received in large numbers. Their processing is being done separately. Previous records broken Earlier, in April 2025, about Rs 25 crore was the highest monthly donation. In November 2025, after Diwali, Rs 51 crore 27 lakh 30 thousand 112 was received, but it was for two months. This time, the temple has set a new record in just 29 days, showing strong faith of devotees.

## Players to Get Better Facilities: Orders Issued for Stadium Improvement



**Shortcomings Found During Inspection, Instructions Given After Direct Feedback from Players**

FAIR REPORT

**Chittorgarh:** District Collector Dr. Manju visited Indira Gandhi Stadium on Friday evening and reviewed the arrangements and sports facilities. During the inspection, she identified several shortcomings and gave strict instructions for renovation and improvement. The Collector inspected the indoor stadium, tin shed, basketball court, boxing hall, badminton hall, gym, and other sports areas. She checked their condition and directed officials to make necessary improvements. She also spoke with players and gym users to understand their problems and suggestions. Many players said that facilities need improvement, and the Collector asked officials to take immediate action. She said that providing a safe and better environment for players is the administration's priority. All issues should be resolved quickly so that players do not face any problems during practice. The District Sports Officer was instructed to prepare a detailed report of the stadium. Directions were also given to prepare a renovation plan, install modern lighting, improve ground maintenance, and carry out a plantation drive in the campus. The Collector also directed UIT, Municipal Council, and District Council to work together and complete development work on priority. She said the stadium should be developed as an ideal sports complex so that players can perform well at national and international levels.

### BJP sharpens urban pitch in West Bengal as leader cites 'neglect' by TMC

**Kolkata:** A senior Bharatiya Janata Party leader on Friday claimed a strong public reception on arrival in Dum Dum and used the occasion to launch a pointed critique of the All India Trinamool Congress government, alleging "neglect of urban areas" and "misgovernance".

Addressing supporters, the leader said the BJP would prioritise urban infrastructure, civic services and planned development, promising improvements in transport, housing, sanitation and employment opportunities in towns and cities across West Bengal. "Urban aspirations have been overlooked; we intend to change that," the leader said.

The remarks come amid an intensifying political contest in the State, where both parties are seeking to consolidate support ahead of upcoming electoral cycles. BJP leaders have increasingly focused on governance issues, including municipal services and infrastructure gaps, as part of their outreach. The Trinamool Congress has, in earlier responses to similar criticisms, defended its record, citing welfare schemes and ongoing infrastructure projects in urban and semi-urban regions. Political observers note that the renewed emphasis on urban development could become a central theme in West Bengal's political discourse, particularly in densely populated districts where civic concerns often influence voter sentiment.

## Collector Shares Meal with Students, Checks Mid-Day Meal Quality



**PM SHRI school inspected; food appreciated, instructions given for cleanliness, water, and plantation**

FAIR REPORT

**Chittorgarh-** In a caring and positive step, District Collector Dr. Manju sat with students and had lunch with them. She checked the quality of food and also took feedback from children about their studies and school facilities. District Collector Dr. Manju visited a PM SHRI school on Friday morning and reviewed all arrangements. During the inspection, she checked the quality, cleanliness, and serving system of food under the Mid-Day Meal (MDM) scheme. The Collector sat on the ground with primary class students and had lunch with them. She appreciated the taste and quality of the food. She also spoke with the children and asked about their daily routine, studies, food, and facilities in the school. Students shared their views openly. She also inspected the school kitchen and checked how the food is prepared. She reviewed the quality of raw materials, storage system, and cleanliness in the kitchen. She instructed that food should always be prepared as per proper standards and hygiene. During the visit, she inspected classrooms, toilets, drinking water, and overall cleanliness of the school campus. She directed staff to maintain proper hygiene and ensure safe and clean surroundings for students. The Collector planted saplings in the school and gave a message of environmental protection. She asked the school to increase plantation and take proper care of plants regularly so that students learn the importance of nature. She said PM SHRI schools should be developed as model schools, where students get good education along with all basic facilities. She also asked teachers to focus on the overall development of students and take regular feedback. Deputy District Education Officer, principal, teachers, and other staff members were present during the inspection.

### Quota Cuts at Wheat Procurement Centres Raise Concern in Sangaria

**Hanumangarh**

A reduction in procurement targets at wheat purchase centres in the Sangaria Assembly segment has triggered concern among farmers, prompting representations to the State government seeking a revision of the quotas.

Farmer leader Balkour Singh Dhillon has written to Chief Minister Bhajanlal Sharma, Food and Civil Supplies Minister Sumit Godara, District Collector Dr. Khushal Yadav, Sub-Divisional Officer Jai Kaushik, and Tehsildar Monica Bansal, urging them to intervene and enhance the procurement limits. In the memorandum, Mr. Dhillon pointed to a mismatch between last year's actual procurement and the targets fixed for the current season. At the Dhingarh-Dhaba centre, 46,714 quintals of wheat were procured against a target of 26,000 quintals last year, while the target for the current.

## 938 Kg Dodachura Seized Hidden in Garlic Bags, CBN Catches Two Pickups



**Major action at Mandana toll plaza; 104 sacks recovered, three accused from Chittorgarh arrested**

FAIR REPORT

**Chittorgarh-** In a major crackdown on drug smuggling, the Central Bureau of Narcotics (CBN), Kota, seized a large quantity of dodachura hidden inside garlic bags. Two pickup vehicles were caught in this operation carried out on the highway. The CBN team stopped two Mahindra Bolero pickup vehicles at Mandana toll plaza on the Kota–Jhalawar highway. During the search, 938.300 kg of illegal dodachura was recovered from inside garlic sacks. CBN had received reliable information that the drugs were being transported from the Mandsaur area to Nagaur using two pickup vehicles. Based on this input, a team was formed and strict checking was started on the route. As the vehicles reached the toll plaza, the team stopped them and questioned the occupants. At first, they tried to mislead the officers, but during detailed questioning, they admitted that dodachura was hidden inside the garlic bags. Due to security reasons, a full search was not done on the highway, and both vehicles were taken to the CBN office. During detailed checking, a total of 104 sacks (52 in each vehicle) were found. All sacks contained dodachura, with a total weight of 938.300 kg. The drugs and both vehicles were seized. Three accused from Chittorgarh district were arrested. They were identified as Sahil (20), son of Ashiq; Mahmood (38), son of Bhure Khan; and Shakir Khan (24), son of Mustaq, all residents of Napawali village in Bhadesar tehsil. A case has been registered against them under the Narcotic Drugs and Psychotropic Substances Act, 1985. Further investigation is ongoing to find other people involved in the smuggling network. CBN officials said that strict action against drug smuggling will continue to protect society, especially youth, from drug abuse. The operation was carried out under the guidance of Deputy Narcotics Commissioner Naresh Bundel.

# 1 kg opium seized in blockade: Police stop fleeing car, 2 smugglers from Jaipur arrested

**Action on highway at Dhanet Kala culvert; liquid opium hidden in dashboard, case under NDPS Act**

FAIR REPORT




**Chittorgarh-** Under the ongoing campaign against narcotics in the district, police got a major success. During blockade at Dhanet Kala culvert, police seized about 1 kg illegal opium from a car and arrested two smugglers from Jaipur. The accused were carrying the opium hidden and were going from Udaipur to Jaipur via Bhilwara. According to Sadar police station, on Thursday morning around 9 am, a team led by SHO Ladulal was checking vehicles on the highway during blockade. During this, a white Swift car was signaled to stop, but the driver first slowed down and then suddenly tried to escape at high speed. Police acted quickly and stopped the car by placing barricades ahead. Both youths in the car got nervous and could not give satisfactory answers. During questioning, they identified themselves as 32-year-old Ganesh alias Bhuraram Sukriya, resident of Madhopura (Dudu), and 32-year-old Mohanlal Jat, resident of Mokhampura in Jaipur Rural. On suspicion, police searched the car. Two packets wrapped with khaki tape were found inside the dashboard. When opened, plastic bags filled with black-brown liquid were found, which was identified as opium. The weight of the two packets was 502 grams and 505 grams. Total 1 kg 7 grams illegal opium was seized. The accused did not have any license or valid documents for transporting opium. Police seized the opium and arrested both under the NDPS Act. In initial questioning, it came out that the accused were bringing opium from the Mandfiya area and taking it towards Jaipur.

**Mobile phones and cash also seized**

During arrest, two mobile phones (iPhone and Vivo) and Rs 1000 cash were recovered from Ganesh Sukriya, while one Redmi mobile was found from Mohanlal. All items were seized by police.

**Police probing the network**

Police have registered a case and started investigation. Information about other people connected to the smuggling network is being collected. Officials said that action will soon be taken against others linked to this network.

Printed And Published By Loveena Wadhwa, Printed at Maharani printers plot no 17, MMA Vishno Nagar Kalwar Road Jaipur, Published at P1 Ambit Sapphire Jyoti Nagar Housing Board, JAIPUR RAJASTHAN 302005• Editor In Chief: Loveena Wadhwa• Editor: Sushil Pal •Managing Editor: Anish Thomas Responsible for Selection of News Under the PRB act. **Contact for news or Advertisement Fairreportjaipur@gmail.com**